## घायल अवस्था में मिला था लापता युवक, शरीर पर थे चोटों के निशान

# युवक की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

घायल अवस्था में मिले एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने से आक्रोशित परिजनों ने गुरूवार को कोतवाली थाना के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली के बाहर विरोध प्रदर्शन के चलते जाम लगाने की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी पहुंचा।

कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की काफी समझाइश के बाद परिजनों का आक्रोश शांत हुआ। इसके बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया। विरोध प्रदर्शन को शांत कराने के दौरान कोतवाली टीआई के अलावा कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, झिंझरी चैकी प्रभारी की मौजूदगी रही।



गौरतलब है कि खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय राहुल चौधरी 19 दिसंबर की रात से लापता था, खोजबीन के दौरान 20 दिसंबर को वह बेहोशी की हालत में शनि मंदिर के पास मिला। उसके शरीर में धारदार हथियार से चोट के निशान थे। युवक को इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां इलाज दौरान 28 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मारपीट की धाराओं के तहत अज्ञात आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की थी। परिजनों ने पुलिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस का कहना इस मामले में हत्या करने की धारा बढ़ाई जाएगी। आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

### हादसे में महिला की मौत

बरही थाना क्षेत्र के हंतला गांव में बाइक सवार तीन लोगों को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई है, जबकि दो युवक घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया की मैहर जिले बदेरा निवासी सुकेश पिता मिठ्ठू कोल (50), बेटा राहुल पिता सुकेश (19) और मां गुलाब बाई कोल (70) बाइक में सवार होकर बरही से जा रहे थे, इसी दौरान हंतला गांव के पास चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिसके कारण तीनों घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### किसानों को अब तक 47 करोड़ रुपए का भुगतान

**कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अब तक 18 हजार 493 कृषकों से 1 लाख 65 हजार 265 मैट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही 2 हजार 281 कृषकों को 47 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। उपार्जित धान 1 लाख 65 हजार 265 मैट्रिक टन के विरूद्ध 1 लाख 9 हजार 701 मैट्रिक टन धान का परिवहन किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल धान खरीदी का 78 प्रतिशत धान का परिवहन और भंडारण किया जा चुका है। इसके अलावा 73 हजार 345 स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके हैं। कृषकों को 47 करोड़ की राशि का भुगतान आधार लिंक बैंक खाते के जे.आई.टी के माध्यम से किया जा चुका है। किसानो को भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

### उप निर्वाचन हेतु मतदान दलों का प्रशिक्षण कल

**कटनी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने बताया कि नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वान 2023 हेतु मतदान दलों के प्रशिक्षण का आयोजन शनिवार 30 दिसंबर को दो शिफ्ट में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार 30 दिसंबर को प्रथम शिफ्ट में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जनपद सदस्य एवं द्वितीय शिफ्ट में दोपहर 2 बजे से सायं 5:30 बजे तक वार्ड पार्षद हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। आपनें संबंधित विभाग प्रमुखों को विभाग अंतर्गत कार्यरत अधिकारी -कर्मचारियों को मतदान दल आदेश की तामीली कराते हुए 30 दिसंबर को निर्धारित समय पर प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

### स्लीमनाबाद के नगद उर्वरक केन्द्र का संचालन 31 तक

**कटनी।** मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मुख्यालय जहाँगीराबाद भोपाल द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को रासायनिक उर्वरकों की सुगमता से निकटतम स्थान पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से कटनी जिले में डबललॉक केन्द्र बहोरीबंद से संबद्ध अतिरिक्त नवीन नगद उर्वरक केन्द्र स्लीमनाबाद का माह जुलाई 2023 से अब तक संचालन किया जा रहा है। जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि स्लीमनाबाद के इस नवीन नगद उर्वरक केन्द की संचालन अवधि केवल 31 दिसंबर तक के लिए ही निर्धारित की गयी है। माह दिसम्बर 2023 की समाप्ति के साथ ही उक्त केन्द्र का संचालन बंद कर दिया जावेगा। कृषक भाई नगद में उर्वरक डबललॉक केन्द्र कटनी, बहोरीबंद एवं समीपस्थ विपणन सहकारी समिति पानउमरिया से प्राप्त कर सकते हैं।

### संकल्प यात्रा के तहत आज इन ग्राम पंचायतों में होगा आयोजन

**कटनी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार 29 दिसंबर को विधानसभा मुड़वारा की जनपद पंचायत कटनी के सेक्टर कन्हवारा की ग्राम पंचायत पटावारा में प्रातः 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत जटवारा, मतवारा, पडरिया में दोपहर 02 बजे से, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सेक्टर कारीतलाई की ग्राम पंचायत हरदुआ हनुमान में प्रातः 11 बजे से एवं ग्राम पंचायत बम्हौरी में दोपहर 02 बजे से, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा के सेक्टर सिलौंड़ी की ग्राम पंचायत गौरा में प्रातः 11 बजे से एवं ग्राम पंचायत खमरिया बागरी में दोपहर 02 बजे से, जनपद पंचायत बड़वारा के सेक्टर बसाड़ी की ग्राम पंचायत खरहटा में प्रातः 11 बजे से एवं ग्राम पंचायत देवरी में दोपहर 02 बजे से, जनपद पंचायत बहोरिबंद के सेक्टर कुआं की ग्राम पंचायत पड़वार में प्रातः 10.30 बजे से एवं ग्राम पंचायत तिहारी में दोपहर 02.30 से, जनपद पंचायत रीठी के सेक्टर बडगांव की ग्राम पंचायत नयाखेड़ा में दोपहर 02 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित का जायेगी।

# 2 जनवरी तक आयोजित होंगी आई.ई.सी. गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्यास महा अभियान के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अधोसंरचना विकास एवं सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने यह योजना 3 वर्षो तक क्रियान्वयित की जावेगी। गतविधियों में सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव-गाँव तक सडक, हर घर बिजली, शिक्षा के लिए हास्टल, कौशल विकास, दूर दराज गांवों में मोबाईल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूरदराज गांवो तक मोबाइल नेटवर्क के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को शामिल किया है।

कटनी जिले अंतर्गत विकासखण्ड ढ़ीमरखेडा व बड़वारा अंतर्गत ग्राम कोठी, मारसिंहुडी, हररई, कन्नौर, छीतापाल, पथवारी ग्रामों का चयन किया गया है। उक्त ग्रामों में 2 जनवरी 2024 तक आई.ई.सी. गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिस हेतु जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी व विकासखण्ड स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा एवं बडवारा को विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अधोसंरचनात्मक विकास की गतिविधियों के अतिरिक्त जिन योजनाओं से वंचित बैगा परिवारों को लाभान्वित किया जाना है उनमें प्रमुख रूप से, आधार कार्ड, पी.एम. गरीब कल्याण अल योजना, पी.एम. उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पी.एम. जनधन योजना पी.एम किसान सम्मान निधि, पी.एम. जीवन ज्योति योजना, किसान क्रेडिट कार्ड पी.एम. सुरक्षा बीमा योजना, पेशन योजना, पी.एम. विश्वकर्मा योजना, पी.एम. सुरक्षित माह अभियान, सिकलसेल मिशन राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन प्रोग्राम सम्मलित है।

## दर्जन भर ग्राम पंचायतों में हुआ यात्रा का आयोजन

# लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने जिले में निकाली जा रही संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। यात्रा की कड़ी में गुरूवार को जिले की 6 जनपद पंचायत की 12 ग्राम पंचायतों बरगवां, रोहनिया, धूरी, इमलिया, अतरसूमा, कछारगांव बड़ा, मडई, देवरा खुर्द, पटेहरा, मुहांस, टीकर एवं सलैयाकोहारी पहुंची। इस दौरानी रंगोली एवं पुष्पमालाओं से यात्रा का स्वागत किया गया।



यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और शासकीय अधिकारियों द्वारा यात्रा का उद्देश्य और शासकीय योजनाओं के बारे जन सामान्य द्वारा जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान यात्रा के आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

शिविर के दौरान ग्राम पंचायत मडई सहित अन्य ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाकर प्रधानमंत्री के संदेश को दिखाया जाकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया।

## दो दिवसीय चंडी मेले में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़



ग्राम पंचायत पड़रिया में दो दिवसीय चंदी मेले का आयोजन किया गया। मेले में तरह-तरह के व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए। चंदी मेला देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा आसपास के गांव के लोग पहुंचे। मेले में बच्चों के आकर्षण के लिए झूले तथा खिलौने की दुकान के अलावा तरह-तरह की खाने पीने की दुकान भी लगाई गई थी। वहीं महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रशासन सामग्री की दुकान लगाई गई थी जिनमें खासी भीड़ देखने को मिली। सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। पहले दिन चंडी मेले में गांव तथा आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों को लगाने के लिए पहुंचे। शाम करीब 4 :00 से चंडी मेले में लोगों को भीड़ आना शुरू हो गई थी जो करीब रात 9 :00 बजे तक बनी रही। चंदी मेले में प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त रही जिससे किसी प्रकार की कोई परेशानियों को सामना नहीं करना पड़ा।

# परीक्षण के लिए मिट्टी नमूना लेने एवं जैविक कीटनाशक बनाने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में स्व सहायता समूह की 35 महिलाओं को प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता द्वारा 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है।



महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए श्याम श्री गौ संरक्षण गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तेवरी का भ्रमण कराया गया। जहां प्रशिक्षक रामसुख दुबे ने केंचुआ खाद निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि वर्मी वास के निर्माण एवं फसलों में उपयोग का अवलोकन कराया। गौशाला प्रबंधन गाय की विभिन्न नस्लें साहिवाल, गिर, हरियाणा, गंगा, तीर तथा उनसे प्राप्त दूध की मात्रा संतुलित पशु आहार, नेपियर घास, गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग गायों में विभिन्न रोग एवं उनका नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी कृषक पवन कुमार पांडे द्वारा दी गई।

महिलाओं को प्रकाश खाद एवं ईंधन प्रयोग के लिए बायोगैस संयंत्र जैविक सब्जियां, गन्ना, आलू एवं फसलों का अवलोकन कराया गया प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा मिट्टी परीक्षण हेतु मिट्टी नमूना लेने की विधि तथा पांच पत्ती काढ़ा जैविक कीटनाशक को बनाने का प्रयोग प्रदर्शन किया गया। भ्रमण के समय संस्था के कर्मचारी मौजूद रहे।

## हाईवे में लखापतेरी एवं कुठला थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

# कार का टायर फटने से तीन एवं बाइक को टक्कर मारने से एक युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अलग अलग सड़क हादसों में महिला सहित चार लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटनी दमोह राजमार्ग पर मधुर महादेव के पास गत देर शाम लगभग आठ बजे एक अज्ञात फोर व्हीलर के चालक ने तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना के बाद फोर व्हीलर चालक वाहन लेकर चंपत हो गया और बाइक सवार युवक घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा रहा। घटना की जानकारी लगते ही कुठला थाने की पुलिस घटनास्थल पर जा पहुंची और घायल को जिला अस्पताल भिजवाया।

कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मधुर महादेव मंदिर के समीप शाम लगभग 8:00 बजे एक अज्ञात वाहन ने रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम हरदुआ निवासी बाइक सवार लगभग 18 वर्षीय दिनेश पिता रामकुमार कोरी को टक्कर मार दी। बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद फोर व्हीलर वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। जबकि बाइक क्रमांक एमपी 21 एमई 7633 का चालक घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद तत्काल 100डायल को घटनास्थल पर रवाना किया गया। घायल को अस्पताल भिजवाया गया है जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है।

इसी तरह हाइवे में जबलपुर से कटनी की ओर तेज रफ्तार से जा रही एक लग्जरी कार का टायर लखापतेरी के पास अचानक फट गया। टायर फटने के कारण कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीच लगे डिवाइडर में जा घुसी। डिवाइडर में कार टकराने के कारण एक महिला और दो पुरुष घायल अवस्था में कार में ही फंस गए। जैसे ही प्रत्यक्ष दर्शियों ने घटना की सूचना यातायात विभाग को दी तो तत्काल ही यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने अपनी टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया। त्वरित कार्यवाही करते हुए यातायात विभाग की टीम ने कार में फंसे तीनों घायलों को निकाल कर उन्हें तुरंत दूसरे वाहन्य से शासकीय जिला अस्पताल भिजवाया और दुर्घटनाग्रस्त कार को घटना स्थल से हटाकर यातायात सुचारू रूप से चालू कराया।

प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो टायर फटने के कारण कार डिवाइडर से जा टकराई। घटना में कार का सामने के हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा होने के कारण गाड़ियों की कतार लग गई। लोगों ने तुरंत घटना की सूचना यातायात विभाग को दी।

घटना की सूचना यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे को फोन पर मिली तो उन्होंने तुरंत सूबेदार उमेश दुबे, आरक्षक मंजय यादव, आरक्षक राजकुमार एवं चालक सुरेंद्र सिंह को घटनास्थल के लिए रवाना किया।

यातायात थाने की टीम ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर न केवल घायलों को कार से सुरक्षित बाहर निकाला बल्कि उन्हें अस्पताल भिजवाते हुए सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त खड़ी कार को किनारे लगवाते हुए यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया।

## कटनी की तर्ज पर सभी जिलों को बारदानों के सत्यापन के मिले निर्देश

# कलेक्टर के नवाचार पर अब प्रदेश भर के जिलों में गुणवत्ता सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र नागरिक आपूर्ति निगम के महाप्रबंधक उपार्जन शाश्वत सिंह मीणा ने सभी जिलों को चिट्ठी लिख कर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कटनी जिले में मिलर्स से प्राप्त बारदानों का कराये गये गुणवत्ता सत्यापन कार्य की तर्ज पर प्रदेश के सभी जिलों को पुराने बारदानों की गुणवत्ता का परीक्षण कराने के बाद ही उपार्जन समितियों को बारदाने भेजने को कहा है। साथ ही सभी जिलों को हिदायत दी गई है कि किसी भी स्थिति में कटे- फटे बारदानों से उपार्जन समितियों द्वारा परिवहन नहीं कराया जाये।

महाप्रबंधक उपार्जन श्री मीणा ने सभी जिलों को पत्र लिखकर कटनी जिले का जिक्र करते हुए कहा है कि कटनी जिले में जैसे बारदानों का सत्यापन हुआ है। वैसे ही सभी जिले अपने यहां भी बारदानों का सत्यापन करायें।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने राइस मिलरों द्वारा उपलब्ध कराये गये 50 लाख 45 हजार बारदानों की गुणवत्ता का 8 अधिकारियों से सत्यापन कराया। जिसमें करीब 7 लाख बारदानें खराब और कटे-फटे पाये गये। उन्होंने इन सभी खराब बारदानों को बदलवाया है।

### इन मिलर्स के बारदाने मिले थे खराब

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा अधिकारियों द्वारा बारदानों के सत्यापन के दौरान राइस मिलर दौलतराम तखतमल, शांतिनगर माधवनगर द्वारा उपलब्ध कराया गया 16 हजार 500 बारदाना सत्यापन के दौरान खराब मिला था। इसी प्रकार श्री मारूति राइस मिल, बरछेका का 4800, शीला एग्रो प्राइ.लिमि. बरगुआ इण्डसट्रियल का 18 हजार, पूर्णेश्वर इण्डस्ट्रीज, बरगुआ का 1250, जय श्री कृष्णा इण्डस्ट्रीज, माधवनगर का 25 हजार, पद्ममावती ट्रेडर्स, इमलिया का 12 हजार 500, गोल्डन वेंक्टेश पल्सेस, माधवनगर का 7 हजार 500, पंजाब इण्डस्ट्रीज, माधवनगर का 15 हजार, सतनाम इण्डस्ट्रीज, माधवनगर का 5 हजार, एस गुलाबराय एण्ड सन्स, शांतिनगर का 12 हजार, सतनाम इण्डस्ट्रीज, माधवनगर का 5 हजार, संगीता राईस मिल, निवार का 25 हजार, कृष्णा इम्प्लैक्स, लमतरा का 7500 बारदाना खराब पाया गया। जबकि कृष्णा इण्डस्ट्रीज, लमतरा का 10 हजार, ममता वेयर हाउस एण्ड एग्रो सर्विसेज, बंजारी का 5 हजार, मोरेश्वर राइस मिल, कैमोर का 10 हजार 800, ओम राइस मिल, देवराकला का तीस हजार, अभिषेक राइस मिल, कैमोर का 7 हजार, संतरामदास करमचंद, हरे नारायण गंज का 12 हजार 500, शिव इण्डस्ट्रीज, लमतरा का 12 हजार बारदाना, श्री बालाजी फूड प्रोडक्टस लमतरा का 20 हजार, श्री गुरूनानाक एग्रो, लमतरा का 7 हजार, अमन फूड, लमतरा का 4 हजार 500, श्री हरि इण्डस्ट्रीज, माधवनगर का 3 हजार 600, श्री नाथ कार्पोरेशन, पटवारा का 7 हजार 500, सुखसागर फूड प्राइ.लिमि. पडुआ का 2 लाख 79 हजार बारदाना, सुमन सत्यनारायण कंस्ट्रक्शन एण्ड फूड इंडसट्रिज, लमतरा का 40 हजार, यूनियन रोलर फ्लोर मिल्स लमतरा का 24 हजार 500, विकास राइस मिल्स मदनपुरा का 40 हजार 500 और सिंघई इंडसट्रिज लमतरा द्वारा दिया गया 24 हजार 400 बारदाना खराब और कटा-फटा पाया गया था। कलेक्टर ने इन सभी खराब बारदानों को तत्काल वापस कर अच्छी गुणवत्ता के बारदाने केन्द्रों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

### इन्होने किया सत्यापन

बारदानों का सत्यापन जिला अपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र कुमार शुक्ला, वेयर हाउस कारपोरेशन के वाय.एस.सेंगर, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, राजेश जैन, डी.एम.ओ. अमित तिवारी, राकेश अहिरवार, मंडी सचिव राकेश पनिका और उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा ने किया था।



# कांग्रेस के स्थापना दिवस पर 55 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कांग्रेस के 139वे स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा ज़िला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चला जिसमें 55 दाताओं में रक्तदान किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशू मिश्रा ने बताया कि ज़िला अस्पताल में रक्त की कमी महसूस हो रही थी, जिस पर स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन करने का संकल्प लिया था। ज़िला कांग्रेस शहर अध्यक्ष विक्रम खंपरिया,एवं पूर्व अध्यक्ष मिथलेश जैन, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, ग्रामीण महिला अध्यक्ष माधुरी जैन ने पहुँच कर युवाओं का हौसला अवज़ाई किया।

## खबर संक्षेप



### कटंगी को हरा नागौद ने 74 रनों से जीता मैच

**उमरियापान।** स्थानीय अंधेलीबाग ग्राउंड में खेली जा रही 27वीं लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में गुरुवार को स्पर्धा का तीसरा लीग मैच एमएस क्लब कटंगी और नागौद टीम के बीच खेला गया। जिसमें नागौद टीम ने 74 रनों से मैच पर जीत दर्ज कर क्वार्टर में प्रवेश कर लिया। नागौद टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 217 रनों का स्कोर खडा किया। नागौद की ओर से बल्लेबाज आकर्ष ने सबसे अधिक 99 रन बनाए। वहीं बल्लेबाज अनुराग ने 41 रन व अंकित ने 25 रन बटोरे। कटंगी की ओर से गेंदबाज इमरान ने 4 विकेट, उवेश ने 3 विकेट व हामिद ने 1 विकेट चटकाए। जवाबी पारी में कटंगी 143 रनो पर ही सिमट गई। नागौद की ओर से गेंदबाज मयूर पटेल ने 6 विकेट लिए। मैच में नागौद टीम के खिलाडी मयूर पटेल को मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह, राजा चौरसिया, संतोष सोनी, सिद्धार्थ दीक्षित, मदन चौरसिया, सतीश चौबे, पप्पू चौरसिया उपस्थित रहे। स्पर्धा में आज 29 दिसंबर को डीसीए कटनी और आरसीसी बनखेडी पिपरिया टीम के बीच तीसरा लीग मैच सुबह साढे 11 बजे से खेला जाएगा।

### 8 फरवरी को होगा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 20 दिसंबर से 5 जनवरी तक किया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। साथ ही मतदाता सूची में संशोधन तथा नाम निहर्सन आदि की कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावे तथा आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 नियत है। इस संबंध में 13 जनवरी से 20 जनवरी तक विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। दावे आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को होगा।

### जय नारायण निषाद एमआईसी में शामिल

**कटनी।** महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने मेयर-इन-काउंसिल का पुनर्गठन कर नये सदस्य अनुभवी पार्षद जयनारायण को किया अपनी टीम मे शामिल। महापौर ने नवीन सदस्य जयनारायण निषाद को एमआईसी में चयनित किया है तथा अपेक्षा की है कि एमआईसी के शर्तों और अनुशासन के अनुसार अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेगें।

### बिचपुरा ग्राम में शिक्षा संस्थान खोलने की मांग

**बड़वारा।** जनपद के बम्हनगवां ग्राम निवासी राजा राम पटेल ने कलेक्टर की जनसुनवाई में लिखित आवेदन देकर मांग की है ग्राम पंचायत भगनवारा अंतर्गत बिचपुरा ग्राम में एक भी शिक्षा संस्थान नही है एवम कोई भी उपस्वास्थ्य केंद्र भी नही है जिसके चलते बिचपुरा ग्राम के निवासी बच्चों को शिक्षा से बंचित होना पड़ रहा है तथा कोई भी उपस्वास्थ्य केंद्र न होने से यहां के बच्चों,महिलाओं, पुरुषों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पाती हैं। इस ग्राम में मिनी आंगनवाड़ी केंद्र भी नही है जिससे यहां के नोनिहाल भी शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। राजा राम पटेल ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में आवेदन देकर मांग की है कि बिचपुरा ग्राम में मिनी आंगनवाड़ी केंद्र, या कोई भी शिक्षा संस्थान, उपस्वास्थ्य केंद्र खुलवाया जाए ताकि बिचपुरा ग्राम के लोग शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

## कप्तान सहित जिले भर के पुलिस अधिकारियों ने रात्रि में 5 घंटे की काम्बिंग गश्त

# 18 स्थायी एवं 54 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा पशु तस्करी करते ट्रक को भी किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जिले में बढ़ती अपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने तथा बदमाशों व अपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन ने गत रात्रि जिले भर में कांबिंग गस्त करने के आदेश जारी किए गए थे। आदेशों का पालन करने जिले भर के पुलिस अधिकारी रात भर सड़क पर चहल कदमी करते नजर आए। करीब 5 घंटे की कांबिंग गस्त के दौरान विजयराघौगढ़ थाना क्षेत्र में एक ट्रक को पशु तस्करी करते हुए पकड़ा गया। इसमें 28 नाग पशु बरामद हुए। पुलिस ने 28 नाग पशुओं सहित ट्रक को जप्त कर लिया है। इसके साथ ही कई नामजद अपराधियों और हिस्ट्रीसीटरों की धर पकड़ की गई।

जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को रात्रि 11 बजे से 04 बजे तक "कांबिंग गस्त" करने हेतु निर्देशित किया गया था। कांबिंग गस्त के दौरान थाने में लंबित स्थाई, गिरफ्तारी वारंटियों की तमीली की गई। साथ ही आबकारी प्रकरण, गुंडा, निगरानी बदमाश की चेकिंग, खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, ढाबों में जांच करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

कांबिंग गस्त में स्वयं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, समस्त एसडीओपी, समस्त पुलिस अमला रात भर सड़कों पर मौजूद रहा। कांबिंग गस्त का मुख्य उद्देश्य कई वर्षो से फरार चल रहे वारंट शुदा शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी, लिस्टेड गुंडों बदमाशों का औचक चेकिंग, रात्रि में सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ करना है। इस कांबिंग गस्त में 18 स्थाई वारंट, 54 गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ की गई, 77 गुंडे व निगरानी बदमाश चेक करने के साथ ही 56 वाहनों व 16 संदेहियों को चेक किया गया।

कांबिंग गस्त के दौरान जिले में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध 19 प्रकरण दर्ज किए गए। इसी तरह रात्रि में वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन न करने पर 21 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 24000 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। कांबिंग गस्त के दौरान थाना विजयराघवगढ़ में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत 01 प्रकरण में 04 आरोपी से 28 नग भैंस, पड़ा क़ीमती 05 लाख एवं 01 ट्रक क़ीमती 40 लाख कुल 45 लाख जप्त किया गया।

कांबिंग गस्त के दौरान एसपी द्वारा थाना कुठला एवं बड़वारा पहुंचकर रात्रि गस्त में लगे बल को चेक कर रात्रि में आवारा, घुमंतू, असामाजिक तत्व एवं संदिग्ध लोगों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



# डीईओ ने शासकीय स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के द्वारा जिले के शासकीय स्कूलों के परीक्षा परिणाम में सुधार लाने हेतु किये जा रहे प्रयासों हेतु दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा बुधवार को शासकीय हाईस्कूल हिरवारा का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में मिशन 45 एवं रैपिड 30 के कार्यकम की समीक्षा के दौरान पाया गया कि प्रतिदिन रैपिड 30 के प्रश्न विद्यार्थियों के व्हाटसएप ग्रुप में भेजे जा रहे है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की कक्षा 10वीं में आज कुल दर्ज 43 में से 42 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए।

डीईओ पी.पी.सिंह एवं राजेश अग्रहरी, सहायक संचालक शिक्षा के द्वारा कक्षाओं की अवलोकन किया गया एवं रैपिड 30 की कापियों को भी देखा गया। विद्यार्थियों में रैपिड 30 के प्रश्नों से परीक्षा के प्रति उत्साह देखा गया। इसी अनुक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एन.के.जे. का निरीक्षण के दौरान विद्यालय में रैपिड 30 के प्रश्न विद्यार्थियों को प्रेषित किये जा रहें हैं एवं उनके मूल्यांकन हेतु शिक्षको को निर्देशित किया गया।

विद्यालय में औसत उपस्थिति कम पाये जाने पर विद्यालय के शिक्षको को निर्देशित किया गया कि वे विद्यार्थियों से सम्पर्क कर उपस्थिति बढ़ायें। विद्यालय में ओपन स्कूल की परीक्षायें चल रही हैं। अतः उपस्थिति कम है। इस दौरान सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी भी उपस्थित रहे।

*बिल्डिंग बनने तक सामुदायिक भवन में होगा संचालन*

# जुहला बायपास में दशक भर के इंतजार के बाद नये वर्ष में खुल सकती है चौकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जुहला बाईपास करीब दशक भर पहले यातायात चौकी की स्वीकृति मिल जाने एवं जमीन आवंटित हो जाने के बावजूद चौकी शुरू नहीं कराई जा सकी। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के प्रयासों से अब यह चौकी शुरू होने जा रही है। बताया जाता है की नए वर्ष पर इस चौकी को शुरू करने की कवायद की जा रही है। हालांकि अभी तिथि निर्धारित नहीं है लेकिन जल्द से जल्द चौकी का उद्घाटन किया जाएगा।

### साल 2013 में दी गई थी स्वीकृति

राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने, बढ़ते यातायात दबाव साथ ही यात्री सुविधाओं एवं शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से वर्ष 2013 में जुहला बाईपास यातायात चौकी बनाने की स्वीकृति विभाग द्वारा दी गई थी। 2013 में चौकी स्वीकृत हो जाने के बाद 2022 में चौकी बनाने के लिए मड़ई ग्राम पंचायत की ग्राम पोड़ी में चौकी के लिए भूमि भी स्वीकृत कर दी गई। भूमि स्वीकृत हो जाने के बावजूद अब तक चौकी का शुभारंभ नहीं कराया जा सका था। चौकी स्वीकृत होने एवं भूमि आवंटित होने की जानकारी जब पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन को लगी तो उन्होंने इस दिशा में प्रयास प्रारंभ कर दिए। पुलिस अधीक्षक श्रीरंजन के प्रयासों के परिणाम स्वरूप नए वर्ष के प्रथम सप्ताह में ही जुहला बाईपास यातायात चौकी का शुभारंभ किया जा सकता है।

### पोड़ी स्थित सामुदायिक भवन में चौकी का हो सकता है संचालन

विभागीय सूत्रों के मुताबिक जुहला बाईपास यातायात चौकी का शुभारंभ फिलहाल ग्राम पोड़ी स्थित सामुदायिक भवन में किया जाएगा। जिसकी तैयारियां विभाग के द्वारा की जा रही हैं। जब तक जुहला बाईपास यातायात चौकी की अपनी बिल्डिंग बनकर तैयार नहीं हो जाती तब तक चौकी सामुदायिक भवन में ही संचालित की जाएगी।

विभागीय सूत्र बताते हैं कि जुहला बाईपास चौकी संचालन की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा सूबेदार मोनिका खडसे को प्रदान की गई है।

### लोगों को मिलेगी सुविधा

बाईपास में यातायात की चौकी प्रारंभ हो जाने से अब उस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों एवं लोगों को एक बेहतर सुविधा मिल सकेगी। वर्तमान में इस क्षेत्र की देखरेख की जिम्मेदारी भी यातायात थाने की ही थी। लेकिन थाने से क्षेत्र की दूरी अधिक होने के कारण यहां पर विशेष निगाह नहीं रखी जा सक रही थी। यातायात चौकी शुरू होने से अब इस रोड पर भी यातायात कर्मियों की चौकसी हर समय बनी रहेगी।

गौरतलब है कि सूरकी जलाशय के आसपास आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। अब चौकी प्रारंभ हो जाने के बाद यातायात कर्मियों की तैनाती हो सकेगी। जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

## निर्माण व विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण



महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने शहर के मदन मोहन चौबे वार्ड मे चल रहे नाली रोड निर्माण कार्य और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर इंजिनियर को निर्देश दिये है। महापौर ने मदन मोहन चौबे वार्ड में निर्माणाधीन सडक एवं नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने भूमि प्रगट शारदा मंदिर के सामने इंजिनियर को दासा लगाकर नाला के कव्हरिंग कार्य का इसटीमेंट तैयार कराये जाने के निर्देश दिये साथ ही बरगवा स्थितवंशस्वरूप वार्ड मे द्वारका सिटी के पास भी नाला कवरिंग का स्टीमेन्ट बनाय जाने के निर्देश दिए जिससे वहॉ पर दुकानें एवं अन्य मार्केट स्थापित किये जा सके।महापौर ने कहा नाला कव्हरिंग कराये जाने पर काफी जगह की सुविधा मिल सकेगी साथ ही उन्होंने बंद पड़ी बोरिंग एवं लाइट को चालू कराने संभदित को निर्देश प्रदान किये ।

# अंतिम व्यय लेखा दाखिल करने के लिए लेखा समाधान की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के 30 दिवस के अंदर अभ्यर्थियों को जिला निर्वाचन अधिकारी को अंतिम व्यय लेखा दाखिल करने हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देश है। इसी के तारतम्य मे जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के लेखा व्यय के अंतिम व्यय व जमा से संबंधित लेखा समाधान की बैठक शुक्रवार 29 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाच अधिकारी साधना परस्ते ने उक्त निर्देश के अनुक्रम में विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले की चारों विधानसभा से चुनाव लडनें वाले अभ्यर्थियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम अनुसार निर्वाचन परिणाम घोषणा के 30 दिवस के अंदर अर्थत 2 जनवरी 2024 तक निर्वाचन व्यय लेखों की मूल प्रति व्यय के मूल बिल व्हाउचर सहित अनुलग्नक 1 से 11 व भाग 1 से 4 तक अन्य आवश्यक प्रपत्र एवं अभिलेख, शपथ पत्र, अद्यतन पासबुक स्टेटमेंट की फोटोकापी हस्ताक्षित कर जिला निर्वाचन कार्यालय में दाखिल करने हेतु सूचित किया है।

आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन व्यय लेखे प्रस्तुत करने हेतु विधानसभ निर्वाचन 2023 में चुनाव लडने वाले समस्त अभ्यर्थियों, लेखा अभिकर्ताओं एवं लेखे प्राप्त करने हेतु लगाए गए कर्मियों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण व मतगणना तिथि से 26 वे दिन लेखा समाधान बैठक कार्यक्रम करने के निर्देश दिए गए है।

निर्देशों के अनुक्रम में जिले की चारों विधानसभा हेतु जारी कार्यक्रम अनुसार अभ्यर्थी ,लेखा अभिकर्ता का अंतिम व्यय व जमा तथा लेखा समाधान की बैठक 29 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा संधारण करने व जमा करने की तिथि 4 दिसंबर से 2 जनवरी 2024 तक प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित है।

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों से जारी कार्यक्रम अनुसार निर्धारित तिथियों में अंतिम व्यय लेखा संधारण व जमा करने से संबंधित लेखा समाधान बैठक में वांादित दस्तावेजों के साथ संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में उपस्थित होनें का आग्रह किया है।

*जलप्रदाय की बैठक में अधिकारियों को महापौर ने दिये निर्देश*

# विकास-जनहित कार्यों के साथ गर्मियों में जल संकट से निपटने करें व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी शहर विकास एवं जनहित के लिये बेहद सक्रिय है तो वही नगर की आमजनता के लिये गर्मी में होने वाले पेयजल संकट से निपटने अभी से तैयारी में जुट गयी है महापौर ने प्लानिंग बनाकर अधिकारियों को अवगत कराया तथा निर्देश दिये है कि अभी से अलर्ट हो जाये और जलसंकट से निपटने के लिये रूपरेखा बनाये।

महापौर ने जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक ली।बैठक में महापौर ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट से निपटने अभी से व्यवस्था से संबंधित सामग्री क्रय करने के निर्देश दिये।

महापौर ने ओ एण्ड एम के संबंध में ठेकेदार को पाइप लाइनों के लीकेज सुधार कर साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ।महापौर ने कहा कि सार्वजनिक नलों में टोटियॉ लगाई जाये।

बैठक में महापौर ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि बैराज व खदानों में पानी की स्थिति का आंकलन किया जाये।प्रत्येक वार्ड में पेयजल आपूर्ति के स्त्रोतों क्या है ।पेयजलापूर्ति के लिये पानी के टैंकरों के लिए टेंडर काल कर तैयारी रखे। गत वर्ष नगर निगम सीमा क्षेत्र में बोरिंग से संबंधित जानकारी वस्तुगत स्थिति का मौके पर मुआयना किया जाये।जहॉं बोरिंग शेष रह गई है बोरिंग में मोटर पंप मशीने फिट करके चालू की जाये। कितने हाई डेंट इस वर्ष बनें और अब तक कितने हाई डेंट हो गये।बोरिंग प्वाइंट से अभी तक कितने कनेक्शन किये गये और कहॉ तक हुये।महापौर ने कहा कि बैराज गेट में को दुरूस्त कर व्यवस्थित किया जाये। टंकियों में (ओव्हर हैड टेंक) की स्थिति का शीघ्र आंकलन किया जाये तथा सामग्री की स्थिति का पता किया जाये कोई टेंडर लंबित तो नहीं है।

महापौर ने जलप्रदाय की बैठक में कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से निपटने अभी से प्लानिंग कर तैयारी होना जरूरी है। महापौर ने कहा कि जो भी समस्याऐं हो अभी से तैयारी रखे, गर्मी के मौसम में नगर की आमजनता को पेयजलापूर्ति में परेशानी नहीं होनी चाहिए।मोके पर नगर निगम अधिकारी सुधीर मिश्रा, मिर्दुल श्रीवास्तव,अश्वनी पांडेय उपस्थित थे।

## प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को लिखे पत्र में किया कटनी जिले का जिक्र

# शत-प्रतिशत तौल के बाद ही भंडारण व परिवहन की व्यवस्था बनी नजीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र वेयरहाउसिंग एवं लॉजीस्टिक कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक दीपक सक्सेना ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को खरीफ सत्र 2023-24 में उपार्जित धान की भण्डारण के पूर्व तौल के संबंध में हाल ही में जारी निर्देश में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कटनी जिले में लागू की गई व्यवस्था की मिसाल दी है। दरअसल पर जिले में श्री प्रसाद ने उपार्जित धान का खरीदी केन्द्र में शत-प्रतिशत तौल कराने के बाद ही भण्डारण और परिवहन करने की व्यवस्था शुरू कराया है। जिससे परिवहन के दौरान उपार्जन समितियों को साल-दर-साल होने वाली हानि को नियंत्रित किया जा सका है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा उपार्जन कार्य में शुरू किया गया अभिनव नवाचार उपार्जन समितियों के लिए संजीवनी बूटी साबित हुई। फलस्वरूप कई समितियां ब्लेक लिस्टेड होने से भी बच गई है।

जिले में कलेक्टर के प्रयासों की बदौलत समितियों के दिन बहुरे है और अब समितियों ने पूरी मजबूती से सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाया है। बताते चलें कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 से रबी विपणन वर्ष 2022-23 तक समर्थन मूल्य की खरीदी को मिलाकर उपार्जन समितियों को 11 करोड़ 28 लाख रूपये की वित्तीय हानि हुई थी। कलेक्टर श्री प्रसाद को उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान जब हानि के इस बड़े आंकड़े की जानकारी मिली तो वे इसे नियंत्रित करने के जतन में जुट गये। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में उपार्जित स्कंध का शत-प्रतिशत तौल करने के बाद ही स्कंध का परिवहन करने पर सख्ती से अमल कराया। जिससे खरीफ वर्ष 2022-23 में जिले में धान की घटी (हानि) कम होकर केवल 2 हजार 1961 क्विंटल रह गई। जिसका मूल्य 42 लाख 60 हजार रूपये है।

### अब ये है प्रक्रिया

कलेक्टर द्वारा उपार्जन समितियों को वित्तीय हानि से उबारने हेतु जो प्रक्रिया तय की है, उसमें उपार्जन समितियों द्वारा उपार्जित स्कंध की तौल मेपिंग किये गये कांटे से तौल कराने के उपरांत सौ प्रतिशत तौल कर धान परिवहनकर्ता को प्रदान की जाती है। वहीं गोदाम स्तर पर धर्मकांटा में तौल के पश्चात जो भी वजन में अंतर परिलक्षित होता है। उसकी सीधी जवाबदारी परिवहनकर्ता की होती है। इसका सीधा लाभ यह हुआ कि पहले समितियों को परिवहन में जो हानि होती थी अब समितियां उससे सुरक्षित हो गई है।

### एम.डी. ने किया कटनी का जिक्र

प्रबंध संचालक ने प्रदेश के कलेक्टर्स को लिखे पत्र में कटनी जिले में शुरू की गई खरीदी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत तौल के आधार पर ही भण्डारण एवं परिवहन होने का उल्लेख किया है। इस प्रकार कटनी प्रदेश के 55 जिले में इकलौता जिला है जहां की उपार्जन व्यवस्था का पत्र में जिक्र किया गया है।

# गहोई समाज के 62 मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 2023 का आयोजन विगत दिवस गहोई धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वैभव बरसैंया असिस्टेंट कार्यपालन यंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार दिल्ली, कार्यक्रम अध्यक्ष नीरज कुचया सुपरिटेन्डेन्ट इंजीनियर म.प्र. विद्युत बोर्ड जबलपुर, विशिष्ट अतिथि डा. अनमोल चौदहा, गहोई समाज कटनी के सरपंच डा. हजारी लाल नौगरहिया एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष कमलेश सुहाने द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम संयोजक पंकज त्रिसोलिया द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 62 छात्र-छात्रा को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिये सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्र-छात्राओं में छात्रों की संख्या 26 जबकि छात्राओं की संख्या 36 रही। मंचासीन अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम, समय बद्धता, असफलता से न घबराते हुये सफलता हासिल करना आदि मूलमंत्रों प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के तृतीय चरण में गरिमामयी मंच द्वारा कुल 62 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रथम एवं प्रोत्साहन पदक, पुरूस्कार एवं सौजन्य पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यक्रम का सर्वोच्च पुरूस्कार गहोई गौरव डा. मनु लहरिया एवं गहोई प्रतिभा का पुरूस्कार अक्षत लोहिया को प्रदान किया गया। वहीं, उत्कृष्ट सेवाओं के लिये सेवानिवृत शिक्षक श्यामलाल बिलैया एवं शिक्षिका श्रीमति प्रतिभा देवी चौदहा का सम्मान शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर किया गया।

## खबर संक्षेप

### धार्मिक स्थलों का किया निरीक्षण

**अमानगंज।** नगर अमानगंज में 28 दिसंबर 2023 को शाम के समय नायब तहसीलदार अमानगंज हेमंत अवधिया एवं सुंदरलाल सोनी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद अमानगंज के साथ पुलिस उप निरीक्षक रचना पटेल अपने दल बल के साथ धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया। जिनमें हनुमान जी मंदिर झिरियन मोहल्ला, मदर छल्ला किशनगढ़ रोड, जामा मस्जिद रंगरेज मोहल्ला वार्ड नंबर 2, जामा मस्जिद गरीब नवाज मैंन रोड, ज्वाला देवी मंदिर, राम मंदिर, बालाजी मंदिर का निरीक्षण किया और अधिक आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकरों को हटवाया एवं मंदिर के पुजारी एवं मौलवियों को शासन के दिशा निर्देशानुसार निर्धारित आवास सीमा में एसडीएम की परमिशन के बाद ही ध्वनि यंत्रों का प्रयोग करने की समझाइस दी।

### सब्जी मंडी में सड़कों पर दुकानें लगने से लगता है जाम

**देवेन्द्रनगर।** यहां अतिक्रमण होने के कारण सड़कों पर आए दिन लगता है जाम जिससे कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरणीय नींद से नहीं जा पा रहे हैं जब कोई बड़ा हादसा हो जाएगा तब ध्यान देंगे जी हां हम आपको बता दें की सब्जी मंडी जो की सड़क पर लगती है जहां पर सुबह और शाम को बहुत जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जहां पर वाहन निकलते हैं और सड़क पर सब्जी की भी दुकान लगी रहती है जिससे कई घंटे लोगों को सड़क से निकलने के लिए इंतजार करना पड़ जाता है और देवेंद्र नगर का स्थानीय प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा है वही नगर वासियों ने पन्ना कलेक्टर महोदय से मांग की है कि इस रोड का अतिक्रमण हटवाया जाए जिससे लोगो को जाम जैसी स्थिति से निजात मिल सके और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे जिससे कि लोगों को आने-जाने में समस्या ना हो सके।

### आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप मे इस प्रकार है, कि सूचनाकर्ता तिलक यादव द्वारा यह बताया गया कि मोटरसाईकिल से अरविंद यादव कल्याणपुर तरफ से उसके घर मुटवा आ रहा था तभी तिलगंवा मोड बडे पुलिया के पास पन्ना तरफ से जा रहे वाहन क्रमांक एम पी 35 सी ए 0367 के चालक राजेन्द्र सिंह यादव ने वाहन को तेजगति एवं लापरवाही से चलाकर अरविंद यादव की मोटरसाईकिल में सामने से टक्कर मार दी थी। जिससे अरविंद के माथे पीठ कंधे पसलियों में गंभीर चोटें आई थी। अरविंद यादव को 100 नंबर गाडी से पन्ना अस्पताल ले गये थे। आहत अरविंद यादव को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई थी तत्पश्चात शव पचंनामा की कार्यवाही की गई थी। शव का पी0एम0 कराया गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर से अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा पिपरिया हथनी सहित अन्य गांवों में पहुंची

# शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेः विधायक जयंत मलैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जिले के सभी विकासखण्डों में चल रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत जोरतला जनपद पंचायत दमोह में आयोजित शिविर में पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने ग्रामीण जनों से आग्रह किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के उत्थान के लिए काम किया और लगातार किया जा रहा है। श्री मलैया ने आयुष्मान सहित अन्य योजनओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने का आवहान्कितया। इस अवसर पर रमन खत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। आज जिले के दमोह विकासखण्ड के पिपरिया हथनी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया हथनी एवं जोरतलाखुर्द, बटियागढ़ विकासखण्ड के मगरोन सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत घुराटा एवं फुटेराकलां, पथरिया विकासखण्ड के खौजाखेड़ी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत खौजाखेड़ी एवं सेमरा बुजुर्ग, हटा विकासखण्ड के अमझिर सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत अमझिर एवं नारायणपुरा, पटेरा विकासखण्ड के छेवला दुबे सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत छेवला दुबे एवं विलाखुर्द, तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के तारादेही सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलतरा एवं बमनौदा तथा जबेरा विकासखण्ड के माला सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत चिलौद एवं मझगुवा मानगढ में यात्रा पहुंची और आमजनों से रूबरू हुई, शासन के जनकल्याण कार्यक्रमों से अवगत करया। इस दौरान इन आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाएं, किसान भाईयों और ग्रामवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान चल रही वेन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी का संदेश सुना गया, मेरी कहानी मेरी जुबानी, कृषि गतिविधियों, ऑन स्पॉट क्विज कार्यक्रम किया गया। इस दौरार आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्रवाही भी की गई।

# कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा ध्वज वंदन करके मनाया गया। कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास संघर्ष त्याग और बलिदान का रहा है पहिले हम अंग्रेजो से लड़े थे अब दोहरे चरित्र वाली से लडेंगे। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि कांग्रेस के लाखों लोगों ने संघर्ष समर्थक यातनाये सहकर राष्ट्र को स्वतंत्र कराने में अपने योगदान दिये थे। समाजसेवी संतोष भारती, जिला कांग्रेस प्रभारी, श्रीराम पारासर, सतीश जैन, लालचंद राय, कमलेश उपाध्याय, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा ने भी कहा कि पिछला विधानसभा चुनाव हम हारे जिससे हममे निराशा जरूर है किन्तु हताशा नहीं है हम पुनः और अधिक सक्रिय रहकर लोकसभा चुनाव की तैयारी करेगे। आशीष पटेल, प्रशांत शर्मा, सोनू जैन, शमीम कुरैशी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, दिनेश रैकवार, अरूण मिश्रा, सदींप बरदिया, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, मदन सुमन, डी.पी. पटेल, अजय जाटव, पप्पू कुशवाहा, इनायत अली, राजेन्द्र दुबे के.के. चिश्ती, कैलाश राय ने भी कहा कि है तैयार हम की तर्ज पर हम पुनः जनता के बीच जायेगे और भाजपा ने घोषणा पत्र में जो बादे करके बोटे प्राप्त की है उन घोषणाओं पर अमल करवा कर रहेगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी औंकार उपाध्याय, चंदन सिंह परिहार, सुन्दर लाल अहिरवार का श्रीफल शाल से सम्मान किया गया।

# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला के मैदान में 27-28 दिसंबर 2023 तक 02 दिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन के अवसर पर नपा अध्यक्ष ठा. हेमेन्द्र सिंह, उप संचालक शिक्षा दमोह वाय.के. कोरी, सुधांशु चौबे, तैय्युब अली, सुजात खान बतौर अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान बच्चों को अलग अलग वर्गों मे 100 मी.200 मी. 400 मी. 800 मी. दौड़, हाकी, शतरंज, व्हालीबाल, कबडडी, बैडमेंटन, कुर्सी दौड़, रस्साकशी आदि खेलों मे शानदार प्रदर्शन करने पर समापन बेला पर अतिथियों के कर कमलों से प्रमाण पत्र, शील्ड, मेडल, कप, बैग, फाईल कवर, बाटल, डायरी, पेन आदि पुरुष्कार देकर मंच से सम्मानित किया गया। अपने उदबोधन मे सभी वक्ताओं ने शाला प्रबन्धन एवं आयोजन की सराहना की। उक्त दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता मे शाला के प्रभारी प्राचार्य अनिल गर्ग, खेल प्रभारी पवन कुमार राय, अंजू अहिरवार, रेखा रोहतास, विद्या अहिरवार, सतेन्द्र सींग, बिशाल साहू, केवेन्द्र कटारया, प्रीतम लोधी, अनिल चक्रबर्ती, केशवेन्द्र सींग, आरिफ खान, मलखान सींग, आकाश सोनी, संध्या असाटी, सीनियर खिलाड़ी अलताफ़ अली, रैफरी एहसान खान, संदीप बौद्ध, बिनीता ताम्रकार इत्यादि की भूमिका सराहनीय रही।

# किसान सम्मेलन का अयोजन



**दमोह।** केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जैविक खेती अभियान के अंतर्गत शिवशक्ति एग्रीटेक कंपनी के द्वारा आज ग्राम छिरौला नरसिंहगढ़ मैं किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए कंपनी के वरिष्ठ कृषि अधिकारी बी पी यादव, आशीष चौबे के द्वारा किसानों को बताया की रासायनिक खादो एवं दवाइयां डालने से भूमि की उर्वरक शक्ति धीरे-धीरे नष्ट होती जा रही है। एक दिन ऐसा आएगा कि सारी भूमि बंजर हो जाएगी। भूमि सुरक्षित रखने के लिए किसानों को जैविक खाद डालने के लिए प्रेरित किया भूमि पर पाए जाने वाले लाभदायक मित्र कीट भी रासायनिक खाद्य व दवाइयां डालने से नष्ट होते जा रहे हैं। और मानव शरीर में बहुत सी बीमारियां भी पैदा हो रही हैं। किसान भाइयों को ज्यादा से ज्यादा जैविक खाद डालने के लिए बल दिया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सागौन और महोगनी के पौधे भी लगाए। जिससे आने वाले समय में किसान भाई अधिक लाभ भी कमा सकते हैं। इस मौके पर राघवेंद्र सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर, जय सिंह अरविंद यादव, संतोष मेहरा, नरेन्द्र अठया आदि लोग उपस्थित रहे।

# टीबी रोग के प्रति कर रहे जागरूक



**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 16 दिसंबर से प्रारंभ स्वास्थ्य कैंपों में डीपीसी श्री दीपक सिंह राजपूत के द्वारा टू व्हीलर वाहन को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रचार प्रसार हेतु बनाया गया है। जिसमें टीबी से संबंधित जानकारी जैसे लक्षण, जांच, निक्षय पोषण योजना, निक्षय मित्र योजना एवं माइकिंग के माध्यम से ग्रामीण आमजन मानस को टीबी रोग के प्रति जन जागरूक किया जा रहा है। उक्त वाहन स्वास्थ्य कैंपों में आकर्षण का केंद्र बन रहा है। बच्चे, बूढ़े, जवान आकर के वाहन को घेर लेते हैं और उसमें दी गई जानकारी को पढ़ने लगते हैं और फिर प्रश्न पूछते हैं जिनका समाधान विकसित भारत संकल्प यात्रा मैं Ntep स्टाफ के उपस्थित अधिकारी दीपक सिंह राजपूत, चेतन अग्रवाल, राजेश उपाध्याय, भूषण पटेल के द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी निःशुल्क योजनाएं के बारे में विस्तार से आम जनमानस को बताया जा रहा है।

### बड़ा बाजार में पार्किंग सुविधा का अभाव

**पन्ना।** जिला मुख्यालय के बड़ा बाजार में जहां आज भी पार्किंग सुविधा नहीं है यह प्रमुख बाजार माना जाता है सड़कों में ही वाहन खड़े करना मजबूरी बनती है सड़कों में लगता है जाम आवागमन होता है प्रभावित कहने को विकास को लेकर हर नपा अपनी दिशा तय करती है पर पन्ना जिला मुचख्यालय की नपा के द्वारा आज दिनांक तक जिले के प्रमुख बड़ा बाजार में पार्किंग सुविधा पर गौर नहीं किया गया। सबसे बड़ी दास्तां यहां सड़क में ही वाहनों की खड़े किये जाने को लेकर जानी जाती है सड़कों में वाहन खड़े होने से जाम के हालात बनते है आवागमन प्रभावित होता है आम आदमी को परेशानी के हालात से गुजरना पड़ता है। इतना ही नहीं सड़क को बनाया गया चौड़ी सड़क दिखती है रात्रि को दिन में यह सड़क वाहनों के खड़े होने से तथा संबंधित दुकानदारों के द्वारा अपनी दुकान को सड़क में ही आगे स्थापित अपने माल से कर दिया जाता है या फिर अपने वाहनों से सुशोभित किया जाता है।

# अबदा ग्राम में निकाली अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



विकासखंड हटा की ग्राम पंचायत देवराजामशा के अबदा ग्राम में राम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश के ग्राम के प्रसिद्ध बाबा हरिदास मंदिर से अक्षत कलश यात्रा में सैकड़ो लोगों ने अक्षत कलश के दर्शन किए एवं संपूर्ण गांव में घर-घर जाकर के 22 तारीख को श्री राम जन्म भूमि मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण जाकर के दिया। गांव के हरिदास बाबा मंदिर से प्रारंभ अक्षत कलश यात्रा खेर माता मंदिर हरदौल बाबा चबूतरा तक बड़े धूमधाम से अक्षत कलश यात्रा निकाली ग्रामीणों द्वारा जय श्री राम का उदृघोष करते हुए अपने सिर पर कलश रखकर एवं जय श्री राम के नारे लगाकर के घर घर जाकर के निमंत्रण दिया जिसमें ग्राम के रोहित सिंह चित्तर सिंह भूपत सिंह माखन रामसिंह जगत ज्ञान सिंह बल्लू मोहित सहित सभी राम भक्त ने मिलकर के भगवान श्री राम का कलश रखकर के निमंत्रण दिया यह पूजित कलश राम जन्मभूमि से आए हैं ऐसे पूरे देश एवं पूरी दुनिया में अक्षत कलश के नाम से निमंत्रण के उद्देश्य से भेजा गया है एवं 22 जनवरी को श्री राम लला गर्भ ग्रह में विराजमान होंगे यह अक्षत हम भगवान को समर्पित करेंगे इससे पहले ऐसे सभी सनातन धर्म अपने घर में अपने आसपास के देवालय शिवालय में जाकर हवन यज्ञ हनुमान चालीसा श्री राम स्तुति सत्संग सुंदरकांड एवं पूजा अर्चना करके और भाव से इसमें जुड़ेगे।

# डॉ. मोहन सरकार आम आदमी की परेशानी को लेकर सख्त

**पन्ना।**

सरकार की सोच कार्यप्रणाली से आम जनता में जानी जाती है डॉ0 मोहन यादव की सरकार आम जनता की परेशान न हो, लापरवाही जिम्मेदारों की बर्दास्त नहीं की जायेगी मुख्यालय स्तर पर ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम जिम्मेदारों के लिये करने के लिये हिदायत निश्चित ही जब कोई नया मुखिया सरकार की कमान संभालने को लेकर तय होता है तो कार्यप्रणाली भी बदलाव को लेकर दिशा तय करती है म.प्र. के डॉ0 मोहन यादव की सरकार में भी कुछ ऐसा ही अब होने जा रहा है जिसके चलते राजस्व विभाग के लिये मुख्यमंत्री के द्वारा गाइड लाइन ही तय कर दी गई है जहां पारदर्शिता से कार्यों का संपादन हो प्रशासन में आईटी का अधिकतम प्रयोग किया जाये, शिविर लगाकर नागरिकों की समस्यायें सुलझाई जायें ऑन-द-स्पॉट समाधान को लेकर कार्यवाही हो इतना ही नहीं पटवारी अपने मुख्यालय ग्राम पंचायत में रात्रि विश्रमा करें राजस्व कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी विभागीय स्तर पर दिखाई देने वाली कमियां दूर करने के लिये लक्ष्य बनाया जा रहा है आम नागरिक परेशान न हो लापरवाही पर डॉ0 मोहन यादव की सरकार सख्त कार्यवाही को लेकर मापदण्ड तय कर रही है। लंबित कार्यों की सतत समीक्षा की जायेगी अभियान संचालित कर समस्याओं के निराकरण को लेकर आगे का समय तय होने जा रहा है।

# ग्रामीणों को अधिकारियों ने दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जबेरा जंप की चिलोद मझगुंवा ग्राम पंचायत चुनाव में किया गया। जहां इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। साथ ही केंद्र सरकार की जन हितकारी योजनाओं के बारे में जानने के साथ-साथ लाभ भी उठाया। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों ने पहुंचकर मोदी जी की गारंटी और योजनाओं की जानकारी को उत्सुकता से सुना और योजनाओं से वंचित लोगों के द्वारा योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में मौजूद सभी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के पास आवेदन भी जमा किए गए। यात्रा का मकसद स्वच्छता, बिजली, आवास, रोजगार, आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना और पीएम आवास महिला बाल विकास मत्स्य कृषि योजना के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपयंत्री भारत जैन आर के जैन आशीष जैन निजाम सिंह लोधी भान सिंह सरपंच सरताज खान सचिव सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# पालक अभिभावक शिक्षक सम्मेलन सम्पन्न



**दमोह।** शासकीय सी.एम.राइज उ.मा.वि. विद्यालय दमोह में पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी दमोह द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया एवं अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए मार्गदर्शन दिया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। सभी कक्षाओं के श्रेष्ठ विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। एक अच्छे विद्यालय परिवेश निर्माण के लिए प्राचार्य आर.पी.कुर्मी द्वारा अभिभावकों से विमर्श और संवाद स्थापित किया गया। पूर्व वर्षों की भांति विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे, इस हेतु परीक्षा प्रभारी मुकेश विश्वकर्मा द्वारा विद्यार्थियों को सुझाव दिए गए। अभिभावक और विद्यार्थियों के बीच तालमेल के विषय पर संजय द्वारा विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का आभार प्रशांत जैन तथा संचालन रेखा तिवारी और पूर्णिमा साहू द्वारा किया गया। दीपक दुबे द्वारा पीपीटी का प्रदर्शन व उपस्थित अतिथियों को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षकाए कर्मचारी, अभिभावको की उपस्तिथि रही।

### मध्यांचल बैंक आजीवका मिशन के 69 समूहों को वितरित किए 192 लाख

**पन्ना।** महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में निरंतर सक्रिय अजीबका मिशन निरंतर कार्य कर रहा है उसी तारतंभ में स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओ को सशक्त बनाने के लिये बैंको द्वारा सी सी एल ऋण वितरण किया जाता है। आजीविका मिशन के स्टॉफ और मध्यांचल ग्रामीण बैंक स्टॉफ द्वारा संयुक्त रूप से कार्य करते हुए कैंप के माध्यम से 69 समूहों को 192 लाख रूपये ऋण वितरण किया गया। आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक श्री प्रमोद शुक्ला द्वारा बताया गया की शासन द्वारा निर्धारित समूहों को ऋण वितरण लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्ति एवं समूह मे जुड़े गरीब परिवारों की आजीविका संचालन हेतु आवश्यक ऋण राशि वितरण के लिये कैंप का आयोजन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कुंडलपुर में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन 31 को

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा पर 31 दिसंबर को नववर्ष की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सुप्रसिद्ध गायक नंदकुमार जैन एंड ग्रुप द्वारा सुमधुर भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति होगी। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी द्वारा बड़े बाबा मंदिर परिसर में पहाड़ी के ऊपर ही भजन संध्या हेतु सभी व्यवस्थाएं की गई हैं ।इस अवसर पर जहां एक और भजन गीतों की सुमधुर प्रस्तुति होगी वहीं नववर्ष के आगमन पर पूज्य बड़े बाबा की महाआरती की जाएगी। कुंडलपुर पधारे और करें नववर्ष की शुरुआत पूज्य बड़े बाबा की सन्निधि में अभिषेक पूजन के साथ।

### व्यवसायिक शिक्षा औद्योगिक भ्रमण

**दमोह।** गुरुवार को जन शिक्षण संस्थान, दमोह में संचालित ट्रेनिंग संटर जिनमें सिलाई, ब्यूटी पार्लर, जूट एम्ब्रायडरी एवं कम्प्यूटर जैसे विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं उन्ही सेंटर में से शासकीय केशोराम पांडेय कन्या उ.मा. वि. दमोह ने व्यवसायिक शिक्षा ओद्योगिक भ्रमण के दौरान संस्थान के सागर नाका पर संचालित सिलाई सेंटर का श्रीमति प्रेमलता उपाध्याय, श्रीमति दीप्ति मिश्रा ने अपने स्कूल के विद्यार्थियों को भ्रमण कराया गया। इन सेंटर पर उपस्थित प्रतिभागियों ने इन कोर्सेस की उपयोगिता बताई और साथ ही उपाध्याय मेडम को यह भी बताया कि किस प्रकार से ये कोर्सेस उनके कैरियर में रोजगार उपलब्ध कराने में सहयोगी हो रहे हैं

## सब्जियां लेकर जा रहे व्यापारी घायल, इलाजरत

# दो ऑटो में जोरदार भिडंत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सगौनी,दमोह

दो ऑटो की आमने सामने भिडंत सगोनी। ठंड में सड़क हादसों की संख्या में इजाफा देखा जाता है। कुम्हारी थाना अंतर्गत ग्राम मझगुवां हंसराज के बिजली पावर हाऊस के पास दो ऑटो की आमने सामने से जोरदार भिड़ंत होने की घटना सामने आई जिसमें दो घायल हो गये जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार आटो क्रमांक MP34R2844 चालक बसंत राय मझगुवां हंसराज गांव से बाजार से सब्जी दुकानदारो को सगोनी भेजने जा रहे थे तो वहीं दूसरी ओर पटेरिया से धनगुवां कुम्हारी की ओर जा रहा आटो न. MP34 R3884 चालक संदीप पिता हिम्मा चौधरी ग्राम धनगुवा निवासी सामने से ऑटो लेकर आ रहा था जिससे दोनो की आमने सामने भिडंत हो गगई। संदीप घटना स्थल से तुरंत भाग गया। मझगुवां बाजार से आ रहे सब्जी दुकानदारो मे से पहाडी साहू पिता बाबूलाल ग्राम सगोनी और परमी साहू पिता भगत सिंह ग्राम पटेरिया निवासी घायल हो गये। पहाडी साहू के पैर की हड्डी बाहर निकल आयी थी जिससें 108 द्वारा जिला अस्पताल रिफर किया जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

### युवक पर दो युवकों ने चाकू से किया हमला

दमोह। सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नया बाजार नंबर-3 (बाल्मीकि मोहल्ला) गाड़ी खाना में में बुधवार रात एक युवक पर चाकू से हमला करते हुए दो युवक सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि चाकू से हमले एक युवक को घायल हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है जिसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोलू उर्फ सुभाष पिता लल्लू परोचे उम्र 35 वर्ष निवासी नया बाजार नंबर- 3 (बाल्मीकि मुहल्ला) दमोह का इलाज किया गया। मौके पर सिटी कोतवाली से एएसआई गोविंद सिंह ने पहुंचकर घायल के बताए अनुसार कार्रवाई शुरू की।

### चार पहिया वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर: 3 घायल, दो गंभीर



दमोह। दमोह से छेवलादुबे जा रहे बाइक सवारों को एक चार पहिया वाहन ने हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत समन्ना के पास जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो जाने पर इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात दमोह से छेवलादुबे जाते वक्त सामने से आ रही चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार राजा अहिरवार पिता बारेलाल उम्र 21 वर्ष, बृजेश पिता सुकरता अहिरवार उम्र 32 वर्ष और संजू पिता गुल्लू उम्र 19 वर्ष छैवला दुबे, रनेह निवासी बुरी तरह घायल हो जाने पर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल में ड्यूटी रत डॉक्टर मधुर चौधरी ने बताया कि इस सड़क हादसे में संजू और बृजेश की हालत गंभीर है, जिसका इलाज किया जा रहा है।

## राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का हुआ भव्य स्वागत



**सिंग्रामपुर।** हॉल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव के पश्चात नवनिर्वाचित जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनने के पश्चात गुरुवार को दमोह जिला के पहले ग्राम गुबरा में भव्य आगवानी की गई। ग्राम सिंग्रामपुर नगर में प्रथम आगमन पर सिंग्रामपुर मे पांच जगह भव्य स्वागत एवम अभिनन्दन किया गया। वही मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने सभी बहनो को प्रणाम करते हुए आशीर्वाद लिया। सभी ग्रामवासियों का अभिवादन स्वीकार किया। विधानसभा जबेरा के प्रथम ग्राम गुबरा से होते हुए सिंग्रामपर जबेरा कलेहरा नोहटा आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मंत्री श्री लोधी ने कहा कि आप के आर्शीवाद से विजय प्राप्त हुई है और मंत्री पद आप सभी के आर्शीवाद प्राप्त हुआ है। मेरी जबेरा विधानसभा की देवतुल्य जनता में आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करता जिसने एक छोटे से कार्यकर्ता को कंधे पर उठा कर आज मंत्री बनाया है। उनके गृह निवास नोहटा में हजारों कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

### राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल आज आयेंगे दमोह

**दमोह ।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल आज 29 दिसम्बर को गढ़ाकोटा से प्रस्थान कर अपरान्ह 04 बजे बासाकला के हनुमान मंदिर में दर्शन एवं पूजन करेंगे। तत्पश्चात आप अपरान्ह 04:30 बजे पथरिया पहुंचकर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन से भेट एवं अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्यमंत्री श्री पटेल रात्रि 09 बजे दमोह निवास आयेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

### स्मार्ट क्लास में विघार्थी उत्साह से कर रहे अध्ययन



**पटेरा।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में म प.शासन द्वारा दो स्मार्ट बोर्ड प्रदाय किए गए । शिक्षकों द्वारा स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से सभी कक्षा12 वीं के छात्र छात्राओं को अधयापन कराया जा रहा है। स्मार्ट बोर्ड में यू टूयब एवं वाटसऐप माध्य से रोचक तरीके से अध्यापन कार्य किया जा रहा है। छात्र छात्राएं भी चित्रों व वीडियों के माध्यम से रूचि लेकर अध्ययन कर रहे है। इसमें कठिन विषयों को सरल तरीके से पूरे विषय को समझाया जाता है जिससे में रचनात्मक व समझ भी विकसित होती है। प्रभारी प्राचार्य जे एस अहिरवार एवं नीरज खरे सक्रियता से मानीटरिंग कर रहे है।

## भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई

**दमोह।** बटियागढ़ के सिद्ध धाम श्री मनसा पूरण हनुमानजी मंदिर टेढ़ा धाम में सिद्ध धाम के महंत श्री श्री 108 श्री रघुनाथ दास महाराज के सानिध्य में पंडित संजय शास्त्री के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चतुर्थ दिवस की कथा पर कथा व्यास पंडित संजय शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में



लिखें मंत्र और श्लोक केवल भगवान की आराधना और उनके चरित्र का वर्णन ही नहीं है। श्रीमद्भागवत की कथा में वह सारे तत्व हैं जिनके माध्यम से जीव अपना तो कल्याण कर ही सकता है साथ में अपने से जुड़े हुए लोगों का भी कल्याण होता है। जीवन में व्यक्ति को अवश्य ही भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। बिना आमंत्रण के भी अगर कहीं भागवत कथा हो रही है तो वहां अवश्य जाना चाहिए। इससे जीव का कल्याण ही होता है। श्री शास्त्रीजी ने भागवत कथा में चौथे दिन कहा श्रीराम जी ,श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं उसके बाद भी वह अपने माता पिता ओर गुरु के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। यह सीख में भगवान श्रीराम श्रीकृष्ण से सभी को लेनी चाहिए। आज की युवा पीढ़ी धन कमाने में लगी हुई है लेकिन अपनी कुल धर्म और मर्यादा का पालन बहुत कम कर रहे हैं। जब भी आप किसी संत या महात्मा से मिले तो इन 6 गुणों के माध्यम से उसकी पहचान कर सकते हैं। संत की पहचान होना आवश्यक है क्योंकि वही तो आपका मार्गदर्शन करते है।शास्त्री जी ने कहा कि कई बार कहा जाता है कि ष पानी पियो छान के, संत करो जांच केष क्योंकि सच्चा संत ही आपको सदमार्ग और ईश्वर से प्रेम करना सिखा सकता है। आज गुरुवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया सभी भक्त कृष्ण के रंग में डूबे नजर आए अंत में कान्हा जी की आरती एवम प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य यजमान छतरपुर निवासी जगदीश प्रसाद रावत ने सिद्ध धाम में सभी भक्तो से कथा श्रवण करने की अपील की है ।

### विस्फोटक सामग्री के भण्डारण की सूचना दी जाये

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आमजनों से कहा हैं कि उनके आस-पास या किसी अन्य जगह पर कोई विस्फोटक सामग्री का भण्डारण या निर्माण किया जा रहा हैं, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस एवं जिला प्रशासन को दी जाये। ताकि संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने कहा जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

## सिख समाज द्वारा मान सत्कार से मनाया गया शहीदी सप्ताह





**दमोह।** नगर मे 21 दिसंबर से 27 दिसंबर का सप्ताह बलिदानी सप्ताह के तौर पर मनाया जाता है। ये 4 साहिबजादों की याद में समर्पित है, जिन्होंने सिख और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी। लेकिन बर्बर मुगलों के सामने नहीं झुके और न ही धर्म परिवर्तन किया। ये सप्ताह सिखों के दशवें गुरू गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबज़ादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, ज़ोरावर सिंह, व फतेह सिंह को समर्पित है, । प्रसिद्ध चमकौर लड़ाई, जिसे चमकौर साहिब की लड़ाई के रूप में भी जाना जाता है, खालसा और मुगलों के बीच लड़ी गई थी, जो 22 दिसंबर को हुई थी गुरु गोविंद सिंह जी के बड़े साहिबजादेश बाबा अजीत सिंह जी व बाबा जुझार सिंह जी ने क्रमशः 18 और 14 वर्ष की कम उम्र में लड़ते हुए शहादत प्राप्त की थी। तीन पंज प्यारों और 40 सिखों ने 10 लाख की शक्तिशाली मुगल सेना से लड़ते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। 27 दिसंबर 1704 को सरहिंद की सरज़मीन में एक जघन्य और क्रूर अपराध किया गया था।गुरु गोविंद सिंह जी के श्छोटे साहिबजादेश फतेह सिंह और जोरावर सिंह क्रमशः 6 और 9 वर्ष की उम्र में सेनापति वजीर खान ने दीवार में जिंदा चुनवा एक साथ शहीद कर दिया गया था। दमोह की समूह सिख संगत द्वारा आज शाम को गुरुगोविंद सिंह पार्क में दीवान सजाया गया जिसमे ज्ञानी जसपाल सिंह जी व जत्थे व बच्चों द्वारा शबद कीर्तन किया गया । सिख यूथ सेवा ट्रस्ट द्वारा गुरुगोविंद सिंह पार्क में गर्म दूध का प्रसाद राहगीरों को वितरित किया गया। गुरूपर्व को सफल बनाने में अध्यक्ष स. बलबीर सिंह सलूजा व सचिव स.अमरजीत सिंह छाबड़ा व प्रबंधक कमेटी व सिख यूथ सेवा ट्रस्ट अतः दमोह की समूह संगत का विशेष योगदान रहा।

## बाड़ी से कुंडलपुर 270 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए पहुंचे दमोह

**दमोह।** बुधवार को मध्य प्रदेश के बरेली जिले के ग्राम बाड़ी से जैन नवयुवकों का जत्था कुंडलपुर की ओर पैदल बिहार करता हुआ गुजरा जिसका स्वागत दमोह जैन समाज ने स्थानीय घंटाघर पर किया। यह जत्था निरंतर तीन वर्षों से पैदल यात्रा कर कुंडलपुर पहुंचता है और बड़े बाबा के श्री चरणों में अपने भक्ति भाव प्रेषित करता है। स्वागत करने वालों में जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर जैन वेलकम, जैन युवा महासंघ के अध्यक्ष बंटू गांगरा, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज। जैन नवयुवक मित्र मंडल के अध्यक्ष मानव बजाज जैन युवा मंडल के वरिष्ठ विनय मलैया, आलोक पलंदी, शरद बजाज, आशीष जैन, अनुराग बजाज, देवेंद्र जैन छक्की, जितेंद्र जैन, स्वदेश कल्लू बड़े राय, पंकज जैन, निलेश चौधरी, संजय सेठ संजय नीलम, मनीष जैन, सौरभ विद्यार्थी, आदर्श सराफ, श्रेयांश जैन, गोलू सराफ, सोनू कपिल, राकेश दशौंदा, जिनेंद्र जैन, संदीप मलैया सहित अनेक गड़मान्य लोगों की उपस्थिति रही।



